Important Question Class 7 Hindi Chapter 9 द्रोणाचार्य

प्रश्न-1 आचार्य द्रोण कौन थे?

उत्तर- आचार्य द्रोण महर्षि भरद्धाज के पुत्र थे।

प्रश्न-2 आचार्य द्रोण का विवाह किससे हुआ तथा उनके पुत्र का क्या नाम था?

उत्तर- आचार्य द्रोण का विवाह कृपाचार्य की बहन से हुआ तथा उनके पुत्र का नाम अश्वत्थामा था।

प्रश्न-3 राजकुमार द्रुपद बचपन के दिनों में द्रोण से क्या कहा करते थे?

उत्तर – राजकुमार द्रुपद बचपन के दिनों में उत्साह में आकर द्रोण से कहा करते थे कि पांचाल देश का राजा बन जाने पर वह आधा राज्य द्रोण को दे देंगें।

प्रश्न-4 द्रुपद कौन थे और वह कहाँ शिक्षा पा रहे थे?

उत्तर – द्रुपद पांचाल नरेश के पुत्र थे और वह द्रोण के साथ ही भरद्धाज आश्रम में शिक्षा पा रहे थे।

प्रश्न-5 द्रोण को क्या इच्छा हुई?

उत्तर – द्रोण बड़े गरीब थे। वह चाहते थे कि धन प्राप्त किया जाए और अपनी पत्नी और पुत्र के साथ सुख से रहा जाए।

प्रश्न-6 द्रोण परशुराम के पास क्यों गए?

उत्तर – द्रोण परशुराम के पास इसलिए गए क्योंकि उन्हें खबर लगी कि परशुराम अपनी सारी संपत्ति गरीब ब्राह्मणों को बाँट रहे हैं।

प्रश्न-7 द्रोण ने परशुराम से क्या सिखाने की प्रार्थना की?

उत्तर – द्रोण ने उनसे सारे अस्त्रों के प्रयोग तथा रहस्य सिखाने की प्रार्थना की।

प्रश्न-8 क्या आशा लेकर द्रोणाचार्य राजा द्रुपद के पास गए?

उत्तर – द्रोणाचार्य को गुरु के आश्रम में द्रुपद की लड़कपन में की गई बातचीत याद थी। उन्होंने सोचा, यदि आधा राज्य नहीं भी देगा तो कम से कम कुछ धन तो जरूर ही देगा। इस आशा से वह राजा द्रुपद के पास गए।

प्रश्न-9 राजा द्रुपद को द्रोण से मिलकर कैसा लगा?

उत्तर – राजा द्रुपद को द्रोणाचार्य का आना बुरा लगा और द्रोण का अपने साथ मित्र का-सा व्यवहार करना तो और भी अखरा।

प्रश्न-10 किसने किससे कहा?

i. "ब्राह्मण – श्रेष्ठ! आपका स्वागत है।"

परशुराम ने द्रोण से कहा।

ii. "ब्राह्मण, तुम्हारा यह व्यवहार सज्जनोचित नहीं है।"

द्रुपद ने द्रोण से कहा।

https://www.evidyarthi.in/